भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-1**

उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

**राजस्थान और कर्नाटक में नए केन्द्रीय विद्यालय**

**†*1. श्री राहुल कस्वां**
**श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार विशेषकर राजस्थान और कर्नाटक में खोले गए और खोले जाने के लिए प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या का ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालयों के कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) क्या सरकार का राजस्थान के चुरू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सुजानगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के कुंचिगनाल गांव में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) कर्नाटक में नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आवंटित/संस्वीकृत निधियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के कुंचिगनाल गांव में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना में विलंब के क्या कारण हैं और इन केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षाएं शीघ्र शुरू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**माननीय संसद सदस्य श्री राहुल कस्वां और श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल द्वारा 'राजस्थान और कर्नाटक में नए केन्द्रीय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 1 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (ङ): केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (अर्थात 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और मौजूदा वर्ष 2024-25) के दौरान पूरे देश में सिविल/रक्षा/क्षेत्र के अंतर्गत 48 नए केन्द्रीय विद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थान(आईएचएल)/परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत 12 नए केन्द्रीय विद्यालय (केवि) खोले गए हैं, जिनमें से राजस्थान में 02 और कर्नाटक में 02 केन्द्रीय विद्यालय खोले गए हैं। राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न है।

वर्तमान में, राजस्थान में 77 केवि और कर्नाटक में 52 केवि सहित देश भर में कुल 1253 केवि कार्यात्मक हैं। केन्द्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मौजूदा मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होती है। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

केविसं से प्राप्त सूचना के अनुसार, कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के कुंचिगनाल गांव में एक नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। नए केवि खोलने के लिए प्रायोजक अधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर जांच / कार्रवाई के अलग-अलग चरणों में हैं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केविसं को राजस्थान के चुरू संसदीय क्षेत्र के सुजानगढ़ में एक नया केवि खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना और निर्माण के लिए निधियाँ केवल भारत सरकार से आवश्यक अनुमोदन/संस्वीकृति प्राप्त होने पर ही आवंटित/संस्वीकृत की जाती हैं।

*****

अनुलग्नक

**माननीय संसद सदस्य श्री राहुल कस्वां और श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल द्वारा 'राजस्थान और कर्नाटक में नए केन्द्रीय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 1 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पिछले पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान खोले गए केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा**

| वर्ष | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | क्रमांक | केवि का नाम |
|---|---|---|---|
| **सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत खोले गए केवि** | | | |
| 2019-20 | उत्तर प्रदेश | 1. | भदोही , जिला भदोही |
| | | 2. | मिर्जापुर, जिला मिर्जापुर |
| | | 3. | कौहार , गौरीगंज , जिला. अमेठी |
| | | 4. | अयेर , जिला वाराणसी |
| | | 5. | रेलवे ईदगाह , जिला आगरा |
| | | 6. | 39वीं बटालियन एसएसबी गदनिया पलिया कलां जिला. लखीमपुर खीरी |
| | | 7. | 59वीं बटालियन. एसएसबी नानपारा , जिला. बेहराइच |
| | उत्तराखंड | 8. | खटीमा , जिला. उधम सिंह नगर |
| | छतीसगढ़ | 9. | जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर, जिला बिलासपुर |
| | | 10. | कोंडागांव , जिला कोंडागांव |
| | जम्मू और कश्मीर | 11. | जोधपुर, जिला डोडा |
| | ओडिशा | 12. | गुनुपुर , जिला रायगढ़ |
| | | 13. | आनंदपुर, जिला क्योंझर |
| | असम | 14. | 210 कोबरा, सीआरपीएफ बीएन दलगांव |
| | | 15. | एन.एफ.रेलवे रंगपाड़ा, जिला सोनितपुर |
| | हरियाणा | 16. | जीसी, सीआरपीएफ, सोनीपत |
| | | 17. | सीआरपीएफ कादरपुर, गुड़गांव |
| | आंध्र प्रदेश | 18. | कंदुकुर टाउन, जिला- प्रकाशम |
| | | 19. | इरलापाडु गांव, नाडेंडला , जिला- गुंटूर |
| | मध्य प्रदेश | 20. | अनूपपुर , जिला अनूपपुर |
| | | 21. | शामगढ़ , जिला मंदसौर |
| | | 22. | आगर-मालवा, जिला आगर-मालवा |
| | | 23. | अलीराजपुर , जिला अलीराजपुर |
| | | 24. | सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एबी रोड, नयागांव , ग्वालियर |
| | अरुणाचल प्रदेश | 25. | दापोरिजो, जिला. ऊपरी सुबांसरी |
| | | 26. | नामसाई जिला नामसाई |
| | झारखंड | 27. | कोडरमा, जिला कोडरमा |
| | | 28. | सराय केलाखरसावां, जिला. सराईकेला |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | राजस्थान | 29. | रेलवे कॉलोनी बांदीकुई , जिला. दौसा |
| | | 30. | प्रतापगढ़ , जिला. प्रतापगढ़ |
| | तमिलनाडु | 31. | उदुमलपेट , जिला तिरुप्पुर |
| | पश्चिम बंगाल | 32. | एनएफआर न्यू जलपाईगुडी, जिला जलपाईगुडी |
| | | 33. | जीसी सीआरपीएफ सिलीगुडी जिला दार्जिलिंग |
| | कर्नाटक | 34. | रेलवे यशवन्तपुर , जिला. बेंगलुरु |
| | बिहार | 35. | 205 कोबरा बीएन सीआरपीएफ बाराचट्टी, गया (केवीएस आदेश दिनांक 15.3.2024 द्वारा कार्यात्मक बनाया गया) |
| **2020-21** | झारखंड | 36. | एसईआर डांगोआपोसी , जिला पश्चिमी सिंहभूम |
| | | 37. | पलामू , जिला पलामू |
| | उत्तराखंड | 38. | 5वीं बटालियन एसएसबी चम्पावत , जिला चम्पावत |
| | उत्तर प्रदेश | 39. | मधुपुरी , जिला फतेहपुर |
| | | 40. | सुमेरपुर , जिला हमीरपुर |
| | तमिलनाडु | 41. | आईटीबीपी, इदियापट्टी , जिला-मदुरै |
| | | 42. | आईटीबीपी इल्लुप्पाईकुडी शिवगंगई , जिला शिवगंगई |
| | अरुणाचल प्रदेश | 43. | केवि हयुलियांग जिला अंजॉ |
| | ओडिशा | 44. | छतरपुर, जिला गंजम |
| **2021-22** | कर्नाटक | 45. | सदलगाह , जिला, बेलगावी |
| | हरियाणा | 46. | बिलासपुर, जिला यमुनानगर |
| **2022-23** | त्रिपुरा | 47. | बीएसएफ गोकुलनगर , जिला- सिपाहीजाला |
| | हिमाचल प्रदेश | 48. | धरमपुर जिला मंडी |
| **परियोजना/उच्च शिक्षण संस्थान के अंतर्गत खोले गए केवि** | | | |
| **2019-20** | दिल्ली | 49. | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय, प्रेसिडेंट इस्टेट, नई दिल्ली (विशेष मोड) |
| | बिहार | 50. | आईआईटी पटना ( बिहटा ), जिला पटना |
| **2020-21** | मध्य प्रदेश | 51. | आईआईटी इंदौर |
| **2021-22** | पंजाब | 52. | आईआईटी रोपड़, जिला रूपनगर |
| **2022-23** | ओडिशा | 53. | आईआईटी भुवनेश्वर , जिला- खोरधा |
| | ओडिशा | 54. | एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र जिला- अंगुल |
| | ओडिशा | 55. | एमसीएल जगन्नाथ क्षेत्र जिला- अंगुल |
| **2023-24** | गुजरात | 56. | दीन दयाल बंदरगाह प्राधिकरण गांधी धाम, गुजरात |
| | अरूणाचल प्रदेश | 57. | एनआईटी अरुणाचल प्रदेश, जोटे जिला पापुम पारे |
| | पंजाब | 58. | पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, घुद्दा , जिला भटिंडा |
| **2024-25** | आंध्र प्रदेश | 59. | आईआईटी तिरुपति |
| | ओडिशा | 60. | एनआईटी राउरकेला |

*****